# भ्रमण आख्या–मण्डल (सहारनपुर)
# दिनांक 23–27 सितम्बर,2024

**भ्रमण दल के सदस्य –**

- श्री पराग वी0 पांडे, महाप्रबंधक–ई0एम0टी0एस0 (नोडल अधिकारी–सहयोगात्मक पर्यवेक्षण)
- श्री विनय कुमार शर्मा–टेक्निकल इक्जीक्यूटिव, वित्त अनुभाग
- श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी–कार्यक्रम समन्चयक,आई0ई0सी0

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या SPMU/NHM/M&E/2024-25/04/1873-2 Dated: 04-07-2024के अनुपालन हेतु मिशन निदेशक महोदया से प्राप्त निर्देश एवं अनुमोदन के क्रम में दिनांक 23–27 जुलाई, 2024 के मध्य मण्डल सहारनपुर के मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपदवार वित्तीय समीक्षा उपरांत 102–108 एम्बूलेंस व मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ ही चिकित्सा इकाईयों यथा प्रथम संदर्भन ईकाई,आयुष्मान आरोग्य मंदिर के भौतिक निरीक्षण हेतु भ्रमण किया गया।

दिनांक 24.09.2024 को मण्डलीय अपर निदेशक, कार्यालय सहारनपुर में मण्डलीय वित्तीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद– सहारनपुर, शामली, एवं मुजफ्फरनगर के जनपद स्तरीय अधिकारियों, द्वारा प्रतिभाग किया गया। तदोपरांत दिनांक 24.09.2024 को जनपद सहारनपुर, दिनांक 25.09. 2024 को जनपद–शामली एवं दिनांक 26.09.2024 को जनपद–मुजफ्फरनगर में जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ वित्तीय समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकरी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी,ब्लाक चिकित्साधिकारी, बी0पी0एम0 एवं बी0ए0एम0 आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। वित्तीय समीक्षा बैठक मे पायी गयी कमियों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी तथा सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चर्चा के मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं–

1. जिन मदों में कमिटेड बजट के सापेक्ष कम व्यय हुआ हैं उन मदो की समीक्षा करके नियमानुसार व्यय किये जाने के निर्देश दिए गए।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद सहारनपुर का कमिटेड धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रतिशत कम है जनपद को यह निर्देशित किया गया कि कमिटेड बजट में जिन मदों में वास्तविक देयता के सापेक्ष भुगतान लंबित है उन्हें तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
3. कमिटेड धनराशि जिसकी लॉयबिलिटी हो उन्हीं धनराशि के व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को समीक्षा उपरांत सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
4. सब सेंटर रेंट एवं विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान, आशा भुगतान आदि की नियमित समीक्षा करते हुये व्यय कराये जाने के निर्देश दिए गए।
5. जिन जनपदों में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं हेतु निविदा की जा चुकी है उन्हें निर्देशित किया गया कि नियमानुसार निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें।
6. जिला कार्यक्रम/लेखा प्रबंधक प्रत्येक माह मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित कार्यकम अधिकारियों को वित्तीय समीक्षा हेतु एफ0एम0आर0 कोडवार व्यय की सूचना उपलब्ध करायें ताकि कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा वर्ष पर्यन्त 15 दिनों के अंतर में स्वयं के स्तर से भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
7. जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने ब्लाक के कमिटेड एवं इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त बजट की समीक्षा कर जिन मदों में व्यय अपेक्षाकृत कम हुआ है उसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करायें।
8. कमिटेड एवं डैप के सापेक्ष व्यय धनराशि का एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अविलम्ब अंकन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सहारनपुर मंडल की वित्तीय प्रगति की स्थिति निम्नवत्त हैं –

**Committed Budget before and after visit** (Amt Rs in Lacs)

| Name of District | Committed Budget | Expenditure before visit 24.09.2024 | Expenditure after Visit 27.09.2024 | Increase in expenditure | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, MUZAFFARNAGAR, UP [NHMUP] | 824.94 | 352.01 | 355.26 | 3.25 | 43.06% |
| DHS, SAHARANPUR, UP [NHMUP] | 1182.31 | 289.14 | 292.33 | 3.19 | 24.73% |
| DHS, SHAMLI, UP [NHMUP] | 331.08 | 112.66 | 113.12 | 0.47 | 34.17% |
| Total | **2338.33** | **753.81** | **760.71** | **6.90** | **32.53%** |

**Expenditure before and after visit visit** (Amt Rs in Lacs)

| Name of District | DHAP | Expenditure before visit 24.09.2024 | Expenditure after Visit 27.09.2024 | Increase in expenditure | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, MUZAFFARNAGAR, UP [NHMUP] | 10775.98 | 3007.86 | 3224.66 | 216.80 | 29.92% |
| DHS, SAHARANPUR, UP [NHMUP] | 15587.84 | 3433.64 | 3603.66 | 170.02 | 23.12% |
| DHS, SHAMLI, UP [NHMUP] | 5236.99 | 1364.34 | 1456.17 | 91.83 | 27.81% |
| Total | **31,600.82** | **7,805.84** | **8,284.49** | **478.65** | **26.22%** |

**Total budget(DHAP & Committed) expenditure before and after visit visit** (Amt Rs in Lacs)

| Name of District | Total | Expenditure before visit 24.09.2024 | Expenditure after Visit 27.09.2024 | Increase in expenditure | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, MUZAFFARNAGAR, UP [NHMUP] | 11600.92 | 3359.88 | 3579.92 | 220.05 | 30.86% |
| DHS, SAHARANPUR, UP [NHMUP] | 16770.15 | 3722.78 | 3895.99 | 173.21 | 23.23% |
| DHS, SHAMLI, UP [NHMUP] | 5568.08 | 1476.99 | 1569.29 | 92.30 | 28.18% |
| Total | **33939.15** | **8559.65** | **9045.20** | **485.55** | **26.65%** |

<u>दिनांक 24.09.2024 जनपद सहारनपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारहेडा, ब्लाक–सरसांव</u> अतर्गत विवरण निम्न है :–

1. आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारहेडा में **CHO** उपस्थित, अस्पताल को 1 वर्ष पूर्व ही NQAS प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ, जिस हेतु मुजफ्फरनगर के Assessor द्वारा 2 दिन पूर्व ही निरीक्षण किया गया था परंतु चिकित्सालय में एक्सपायर मेडिसीन मिली, एक्सपायरी दवाओं को इंडेट के माध्यम से वापस किये जाने एवं एक्सपायरी मेडिसीन रजिस्टर बनाने का सुझाव दिया गया।
2. हिमोग्लोबिन नापने की मशीन अक्रियाशील।
3. वित्तीय वर्ष 2024–25 की Cash Book नही बनायी गयी है।
4. जन आरोग्य समिति के रजिस्टर को ठीक से नही भरा गया है।
5. OPD Register में देखे गये मरीज का मोबाईल नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा है।
6. आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारहेडा को प्रसव हेतु **L1** का दर्जा प्राप्त है, परंतु प्रसव कक्ष को Power Backup की सुविधा से नही जोड़ा गया है।

<u>दि0 25.09.2024 जनपद शामली आयुष्मान आरोग्य मंदिर टपराना, ब्लाक–ऊन</u> अतर्गत विवरण निम्न है :–

1. **NHSRC** के पत्र अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर टपराना को NQAS प्रमाण पत्र दिया जाना है। अस्पताल को प्रसव हेतु **L1** का दर्जा प्राप्त जिसमें प्रसव हेतु 1 Delivery Table एवं 2 बेड का वार्ड स्थापित, जिसमें प्रसव कार्य **CHO** द्वारा सम्पादित किया गया है।
2. वित्तीय अभिलेख यथा कैश बुक में बिल अंकित नही तथा ठीक से भी नही भरी जा रही है एवं चेक बुक अंतर्गत सारांश भी भरा नही मिला।

जनपद शामली की 108 एम्बूलेंस UP32 EG 4986 अतर्गत विवरण निम्नवत है :–

1. एम्बूलेंस 108 पर **EMT**रविंदर कुमारएवं **Pilot** मो0 उबैर(ID-150372)मिले। पायलट के पास लाइसेंस की प्रति नही मिली।
2. मरीज के हिस्से में लगा फैन एवं BP मशीन अकियाशील।
3. एम्बूलेंस का **AC** विगत 1 वर्ष से खराब है।
4. ग्लूकोमीटर की स्ट्रीप एम्बूलेंस में अनुपलब्ध।

जनपद शामली की **MMU UP32 LN7465** अतर्गत विवरण निम्नवत है :–

1. **OPD** हेतु **MMU** को ग्राम कुतुबगढ़ की आबादी से 200 मीटर दूर बाग में खड़ा किया गया।
2. **MMU** में रखी थायराइड रैपिड टेस्ट 7/2024 में Expire हो चुकी थी।
3. **MMU** की मीटर रीडिंग 42170 **KM** मिला जिसका **AC** विगत 6 माह से खराब है।
4. **MMU** की **TV, Transfusion Machine** एवं फ्रिज अकियाशील।
5. **MMU** स्टॉफ द्वारा दिनांक 25.09.2024 में की गयी **OPD**के कमांक 9 पर दर्शाये गये मरीज के मोबाईल नम्बर 991743813 को मिलाने पर यह आकाश का मिला जोकि हरियाणा में था।

जनपद मुजफ्फर नगर :–

108 एम्बूलेंस **UP32 BG 9760** अतर्गत विवरण निम्नवत है :–

1. एम्बूलेंस 108 की मीटर रीडिंग 314240 **KM**मिली जिस पर**EMT**हरीश(ID-159430) एवं **Pilot** रोविन (ID-220669)मिले। पायलट के पास लाइसेंस की प्रति नही मिली।
2. BP मशीन एवं ग्लूकोमीटर खराब, मरीज के हिस्से में लगा फैन भी अकियाशील।
3. सभी 4 टायर एवं स्टेपनी की कंडीशन ठीक नही।

102 एम्बूलेंस **UP32 EG6844** अतर्गत विवरण निम्नवत है :–

1. एम्बूलेंस 102 की मीटर रीडिंग 79244 **KM** मिली जिस पर **EMT** दिनेश कुमार (ID-156632) एवं **Pilot** नरेश (ID-137755) मिले।
2. मरीज के हिस्से में लगा फैन एवं **AC** दोनों अकियाशील।
3. एम्बूलेंस 102 में ग्लूकोमीटर एवं सेनेटाइजर दोनों अनुपलब्ध।
4. **BP** मशीन के प्रयोग की जानकारी का **EMT** दिनेश कुमार में अभाव।
5. स्टेपनी की कंडीशन ठीक नही।

102 एम्बूलेंस **UP32 EG 4651** अतर्गत विवरण निम्नवत है :–

1. एम्बूलेंस 102 की मीटर रीडिंग 172582 **KM** मिली जिस पर **EMT** नकुल कुमार (ID-147748) एवं **Pilot** वेदपाल (ID-147229) मिले।
2. मरीज के हिस्से में लगा **AC** अकियाशील।
3. एम्बूलेंस 102 की **BP** मशीन अकियाशील।

108 एम्बूलेंस **UP32 EG 4683** अतर्गत विवरण निम्नवत है :–

1. मरीज के हिस्से में लगा **AC** अकियाशील।

102 एम्बूलेंस **UP32 EG 7052** अतर्गत विवरण निम्नवत है :–

1. एम्बूलेंस 102 पर **EMT** अर्जुन सिंह कटारिया (ID-141741) एवं **Pilot** राजीव कुमार मिले।
2. एम्बूलेंस 102 में ग्लूकोमीटर अनुपलब्ध।

जनपद मुजफ्फर नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्, जानसठ अतर्गत विवरण निम्न है :–

1. भ्रमण दिनांक 26.09.2024 को चिकित्सालय में विगत 24 घंटे में हुए 9 प्रसव के सापेक्ष वार्ड में 1 एवं लेबर रूम में मात्र 2 प्रसूता ही उपस्थित मिलीं।
2. वार्ड में मौजूद प्रसूता निधि सिंह, जिसकी डिलीवरी प्रातः 11.48 बजे हुई थी,से पूछने पर जानकारी हुई कि उसे **JSSK** अंतर्गतनाश्ता एवं खाने के लिए पूछा तक नही गया है।
3. चिकित्सालय में स्टॉफ द्वारा अवगत कराया गया कि **BMW** की गाड़ी महीने में 1 से 2 बार ही आती है।

| | | |
|---|---|---|
| **श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी**<br>कार्यकम समन्वयक<br>आई0ई0सी0 | **श्री विनय कुमार शर्मा**<br>टेक्निकल इक्जीक्यूटिव<br>वित्तअनुभाग | **श्री पसंग वी0 पांडे**<br>महाप्रबंधक<br>ई0एम0टी0एस0 |